भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 219

उत्तर देने की तारीख: 18.07.2022

अग्निवीरों के लिए शिक्षा संबंधी योजनाएं

†219. श्री अभिषेक बनर्जी:

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीरों के लिए प्रस्तावित शिक्षा संबंधी योजनाओं में क्या अवसर हैं;

(ख) अग्निवीरों को शैक्षिक योग्यता प्रदान करने के लिए पैनल में शामिल संस्थानों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त योजनाओं के अंतर्गत अग्निवीरों के प्रमाणन से पहले आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (ग) : अग्निपथ योजना के अनुसार, कक्षा 'X' उत्तीर्ण करने के बाद नामांकन करने वाले अग्निवीरों को उनके द्वारा 4 वर्ष की अवधि पूर्ण करने के बाद 10 + 2 (समकक्ष) प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए एक प्रणाली स्थापित की जाएगी।

इस पहल का समर्थन करने के लिए स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने अपने स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यम से रक्षा प्राधिकारियों के परामर्श से एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है, जो 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण अग्निवीरों को आगे की शिक्षा प्राप्त करने हेतु एवं सामान्य और अनुकूल पाठ्यक्रम और प्रासंगिक मूल्यांकन प्रणाली विकसित कर के 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाता है।

****